कक्षा–9
वाणिज्य
(मॉडल प्रश्न–पत्र)

समय – 3 घण्टे पूर्णांक – 70

नोटः– सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

<u>बहुविकल्पीय प्रश्न</u> (20×1) (प्रत्येक 1 अंक)

1– पुस्तपालन के जनक किसे माना जाता है?
(क) बी0सी0 त्रिपाठी (ख) ल्यूकस पैसिओली (ग) मेनहार (घ) ओल्ड केसल

2– दोहरा लेखा प्रणाली के जनक किस शहर के रहने वाले थे –
(क) लंदन (ख) वेनिस (ग) दिल्ली (घ) टोकियो

3– सहायक बहियाँ है ––
(क) क्रय बही (ख) विक्रय बही (ग) क्रय वापसी बही (घ) उपरोक्त सभी

4– दो खाने वाली रोकड़ बही में कितने खाने (कॉलम) होते हैं?
(क) बारह (ख) छः (ग) आठ (घ) दस

5– विपरीत लेखे (Contra entry) का लेखा रोकड़ बही की कौन सी पुस्तक में किया जाता है :–
(क) एक खाने वाली रोकड़ बही (ख) दो खाने वाली रोकड़ बही
(ग) तीन खाने वाली रोकड़ बही (घ) खुदरा रोकड़ बही

6– जो पत्र स्थानीय स्तर पर भेजे जाते हैं; उनका लेखा किस पुस्तक में किया जाता है?
(क) पत्र प्रेषित पुस्तिका (ख) डाक व्यय पुस्तिका
(ग) पत्र वाहक पुस्तिका (घ) पत्र प्राप्ति पुस्तिका

7– आदेश पत्र किसके द्वारा लिखा जाता है?
(क) उत्पादक द्वारा (ख) विक्रेता द्वारा (ग) क्रेता द्वारा (घ) कोई नहीं

8– संस्था के लिए योजना बनाने का कार्य किस विभाग द्वारा किया जाता है ––
(क) क्रय विभाग (ख) विक्रय विभाग (ग) योजना विभाग (घ) पूछताछ विभाग

9– निम्नलिखित में से कौन सा व्यापारिक कार्यालय का कार्य नहीं है –
(क) पत्र प्राप्त करना (ख) पत्र प्रेषण करना (ग) नस्तीकरण करना (घ) निर्णय लेना

10– आने वाले पत्रों को निम्न में से किस माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है –
(क) ई0मेल द्वारा (ख) डाकिया द्वारा (ग) उपरोक्त दोनों (घ) उपरोक्त दोनों नहीं

11– मुद्रा का प्राथमिक कार्य हैं?
(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

12– भारतीय सिक्का है –
(क) प्रामणिक सिक्का (ख) सांकेतिक सिक्का (ग) गौण सिक्का (घ) इनमें कोई नहीं।

13– भारत में मुद्रा निर्गमन का कार्य किस बैंक द्वारा किया जाता है?
(क) S.B.I (ख) R.B.I (ग) P.N.B (घ) H.D.F.C

14– एक रूपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?
(क) R.B.I गर्वनर के (ख) राज्यपाल के (ग) वित्त मंत्री (घ) वित्त सचिव भारत सरकार।

15– भारत के नोट निर्गमन की न्यूनतम कोष प्रणाली प्रारम्भ –
(क) 1947 में (ख) 1950 में (ग) 1956 में (घ) 1972 में

16— "अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है" यह कथन किसका है?
(क) मार्शल का (ख) एडम स्मिथ का (ग) जे0के0 मेहता का (घ) जे0एस0 मिल

17— अर्थशास्त्र है —
(क) विज्ञान (ख) कला (ग) विज्ञान व कला दोनों (घ) कोई नहीं है

18— अर्थशास्त्र के लाभ प्राप्त होते हैं —
(क) कृषकों कों (ख) व्यापारियों को (ग) गृहणियों कों (घ) सभी को

19— भू—स्वामी के आय का साधन कहलाता है —
(क) लाभ (ख) आय (ग) लगान (घ) इनमें कोई नहीं।

20— वे सब पदार्थ जिनमें मूल्य होते हैं, उसे कहते है —
(क) कीमत (ख) धन (ग) सम्पत्ति (घ) इनमें कोई नहीं।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (5×2) (प्रत्येक 2 अंक)

21— उचन्त खाता किसे कहा जाता है?

22— दोहरा लेखा प्रणाली की परिभाषा लिखिए।

23— व्यापारिक कार्यालय के दो उ्देश्य बताइए।

24— मुद्रा के दो दोष लिखिए।

25— अर्थशास्त्र अध्ययन के दो लाभ बताइए।

लघु उत्तरीय प्रश्न (4×4) (प्रत्येक 4 अंक)

26— तलपट से प्रकट होने वाली अशुद्धियों को बताइए।

27— मुद्रा के प्राथमिक कार्यों का उल्लेख कीजिए।

28— आर्थिक तथा अनार्थिक क्रिया में अन्तर बताइए।

29— पत्र लिखते समय किन—किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3×8) (प्रत्येक 8 अंक)

(30) निम्नलिखित लेन देनों को जर्नल में लिखिए —

जुलाई 2021		रुपया
1	व्यापार प्रारम्भ किया	10,000/—
2	राम से उधार माल खरीदा	5,000/—
6	मशीन खरीदी	2,000/—
10	नकद विक्रय	1,000/—
16	दान दिया	500/—
21	निजी व्यय	300/—
28	ब्याज मिला	100/—
31	किराया मिला	4,000/—

अथवा

रोकड़ बही से आप क्या समझते हैं? साधारण रोकड़ बही का नमूना बनाइए।

(31) व्यापारिक कार्यालय के महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

वस्तु विनिमय के गुण व दोषों का वर्णन कीजिए।

(32) आय का आशय स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

एक अच्छे मुद्रा पदार्थ के गुण लिखिए।